**Need to establish SAI training centers in Nashik and Dhule districts of Maharashtra-Laid**

**डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश (धुले) :** मैं माननीय खेल मंत्री जी का ध्यान महाराष्ट्र में SAI (भारतीय खेल प्राधिकरण) के प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहती हूं । महाराष्ट्र ने हमेशा देश के खेल व्यवस्था/ संस्कृति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है । महाराष्ट्र के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 में शीर्ष सम्मान प्राप्त किए हैं । महाराष्ट्र की राज्य सरकारों ने खेलों के प्रोत्साहन में सदैव सक्रिय भूमिका निभाई है, परंतु यह कार्य केंद्र सरकार के सहयोग के बिना अधूरा है । वर्तमान में देशभर में 69 SAI प्रशिक्षण केंद्र (STCs) कार्यरत हैं । मुंबई सर्कल के अंतर्गत 2 केंद्र हैं, लेकिन ये दोनों गोवा में स्थित हैं । इस प्रकार, महाराष्ट्र राज्य में एक भी SAI प्रशिक्षण केंद्र नहीं है । खेल समुदाय को समुचित रूप से विकसित करने के लिए योजनाबद्ध प्रोत्साहन, विशेषकर वित्तीय और आधारभूत ढांचे का सहयोग आवश्यक है । मंत्रालय की योजनाओं के अंतर्गत स्थापित SAI प्रशिक्षण केंद्र वैज्ञानिक प्रशिक्षण व उपकरण सहायता, बोर्डिंग- लॉजिंग, वजीफा, प्रतियोगिता exposure, और बीमा व्यय जैसी सुविधाएं प्रदान करेंगे । इसके अतिरिक्त, यह रोजगार और सामाजिक-आर्थिक विकास में सहायक सिद्ध होंगे । अतः मैं भारत सरकार से अनुरोध करती हूँ कि महाराष्ट्र के नासिक और धुले जिलों में SAI स्पोर्ट्स प्रमोशनल योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएं ।